# मध्यप्रदेश विधान सभा

## संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

## बुधवार, दिनांक 1 मार्च, 2017 (फाल्गुन 10, शक संवत् 1938)

**विधान सभा पूर्वाह्न 11:01 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (डॉ. सीतासरन शर्मा) पीठासीन हुए.**

### 1. वर्ष 2017-18 के आय-व्ययक का उपस्थापन

श्री जयंत मलैया, वित्त मंत्री द्वारा राज्यपाल महोदय के निर्देशानुसार, वर्ष 2017-18 के आय-व्ययक का उपस्थापन किया गया.

### 2. अध्यक्षीय घोषणा

#### (क) आय-व्ययक की मांगों पर कटौती प्रस्ताव एवं सामान्य चर्चा का समय नियत करने विषयक

वित्त मंत्री का बजट भाषण पूर्ण होने के पश्चात्, अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन में यह घोषणा की गई कि आय-व्ययक में सम्मिलित मांगों पर प्रस्तुत किये जाने वाले कटौती प्रस्तावों की सूचनाएं, निर्धारित प्रपत्र में आज दिनांक 1 मार्च, 2017 को अपराह्न 5.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में दी जा सकती हैं तथा आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा के लिए गुरुवार, दिनांक 2 मार्च एवं शुक्रवार, दिनांक 3 मार्च, 2017 का समय नियत किया गया है.

#### (ख) परम पूज्य श्री श्री रविशंकर जी का उद्‌बोधन कार्यक्रम

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि- "माननीय सदस्यों के लिए आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक परम पूज्य श्री श्री रविशंकर जी का **उद्‌बोधन** कार्यक्रम आज अपराह्न 1.00 बजे मध्यप्रदेश विधान सभा भवन स्थित मानसरोवर सभागार में आयोजित किया गया है. माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि उक्त कार्यक्रम में पधार कर लाभ लेने का कष्ट करें."

मध्याह्न 12.11 बजे विधान सभा की कार्यवाही गुरुवार, दिनांक 2 मार्च, 2017 (11 फाल्गुन, शक सम्वत् 1938) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

**अवधेश प्रताप सिंह,**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा**

**भोपाल:**
**दिनांक: 1 मार्च, 2017**